झारखण्ड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद्, राँची
PROJECT RAIL
(REGULAR ASSESSMENT FOR IMPROVED LEARNING)
GENERAL SCHOOL

विषय – हिन्दी कोर (Arts) **दिनाक – 06/10/2026** **वर्ग – 12**

समय – 1 घंटा **कुल अंक – 20**

सामान्य निर्देश :

1. इस प्रश्न पत्र में कुल 12 प्रश्न है। सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।

2. प्रश्न के प्रकार एवं अंक :-

   प्रश्न 1 से 6 वस्तुनिष्ठ प्रश्न (6x1=6)

   प्रश्न 7 से 10 लघुत्तरीय प्रश्न (4x2=8)

   प्रश्न 11 से 12 दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x3 = 6)

3. प्रश्न संख्या 1 से 6 बहुविकल्पीय प्रकार के है। वहुविकल्पीय प्रश्नों में से 2 प्रश्न योग्यता आधारित प्रश्न है। प्रत्येक प्रश्न 1 अंक का है। बहुविकल्पीय प्रकार के प्रश्न 1 से 6 के लिए चार विकल्प दिए गए है, सही विकल्प (क, ख, ग, घ) का चयन कर उत्तर पुस्तिका में लिखना है।

4. परीक्षा की समाप्ति से पहले किसी भी परिक्षार्थी को परीक्षा कक्ष से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।

खण्ड 'क' वस्तुनिष्ठ प्रश्न (6x1=6)

1. पहलवान की ढोलक पाठ के लेखक कौन है ?

(क) नागार्जुन (ख) रघुवीर सहाय (ग) फणीश्वरनाथ रेणु (घ) प्रेमचंद

2. चाँद सिंह के गुरु का नाम क्या था ?

RAIL 06-10-2026

(क) सूरज सिंह (ख) बादल सिंह (ग) गोरा सिंह (घ) हरि सिंह

3. शिरीष के फूल साहित्य के किस विधा मे लिखा गया है ?

(क) कहानी (ख) उपन्यास (ग) ललित निबंध (घ) संस्मरण

4. आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का जन्म कब और कहा हुआ था ?

(क) 1907 ई० (बलिया) (ख) 1888 ई० (उन्नाव)

(ग) 1909 ई० (लखनऊ) (घ) 1895 ई० (रायबरेली)

5. रेडियो नाटक का मूल आधार क्या होता है ?

(क) अभिनय और दृश्य (ख) रंगमंच और वेशभूषा (ग) शब्द और ध्वनि (घ) चित्र और लाइट

6. रेडियो नाटक को किस अन्य नाम से भी पुकारा जाता है ?

(क) दृश्य नाटक (ख) ध्वनि नाटक (ग) चलचित्र (घ) मुखर अभिनय

खण्ड 'ख' लघु उत्तरीय प्रश्न (4x2=8)

7. लुट्टन पहलवान ने ऐसा क्यों कहा होगा कि मेरा गुरू कोई पहलवान नहीं, यही ढोल है?

8 ढोलक की आवाज का पूरे गाँव में क्या असर होता था ?

9. शिरीष के फूल' का पेड़ कैसा होता है ?

10. हजारी प्रसाद द्विवेदी के किन्ही दो रचनाओं के नाम लिखें।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (2x3 = 6)

11. रेडियो नाटक में संवाद की क्या विशेषता होती है?

12. लुट्टन पहलवान की पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में बताइए ।

RAIL 06-10-2026